# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी चंडीगढ़
## 01 जनवरी 2025, समय 1810

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित पुर्नगठित फसल बीमा योजना को जारी रखने का फैसला किया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने नववर्ष का कैलेंडर जारी किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि लोहारू में छात्र की आत्महत्या के मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।
- हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति के आम चुनाव के लिए 302 नामांकन दाखिल हुए। मतदान 19 जनवरी को होगा।
- जींद जिला लिंगानुपात के मामले में प्रदेशभर में सातवें से तीसरे पायदान पर पहुंचा।

***********************************************************************

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का फैसला किया है।मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मद में आवंटित राशि बढाकर 69 हजार पांच सौ 15 करोड रुपये कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत बीमित किसानों में 88 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान है।श्री वैष्णव ने कहा कि गत आठ वर्षों में किसानों को बीमा योजना के अन्तर्गत एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया।

***********************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नववर्ष के पावन अवसर पर माता मनसा देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की आर्थिक खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेश की जनता को नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने सभी से नए साल पर किसान एवं गरीब लोगों के उत्थान के लिए कार्य करने का प्रण लेने को कहा। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है, किसान हितों के लिए कार्य करना प्रदेश व देश में आर्थिक सफलता के द्वार खोलना है।

******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में नए वर्ष का कैलेंडर जारी किया। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधान सभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा और मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री ने देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नव वर्ष में तीन गुणा गति के साथ समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करेगी और हरियाणा को सशक्त व समृद्ध राज्य बनाएगी।

***************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि लोहारू में छात्र के आत्महत्या के मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने विरोधी पार्टियां द्वारा इस मामले में ट्वीट की राजनीति किए जाने की आलोचना की।

किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किसानों से संपर्क बनाने के लिए गठित समिति लगातार किसानों से संपर्क कर रही है। हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों की सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सदैव किसानों के साथ खड़ी है। फसल विविधिकरण के क्षेत्र में जल्द ही नई योजनाएं लाई जाएंगी, ताकि किसान प्राकृतिक खेती और कम खर्च में अधिक लाभ ले सकें।

***************************************************************************

हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति के आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का कार्य पूरा हो गया है। चुनाव के लिए 302 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायमूर्ति एच. एस.भल्ला, ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि मतदान 19 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। वोट 390 मतदान केंद्रों पर डाले जाएंगे व सर्वाधिक बूथ सिरसा में बने हैं।

सेवानिवृत न्यायमूर्ति एच. एस.भल्ला ने लोगों से शांतिपूर्ण मतदान की उम्मीद जताई।

श्री भल्ला ने बताया कि अब तक करीब 3 लाख वोट बने हैं तथा वोट बनाने का सिलसिला 10 जनवरी तक चलेगा।

***************************************************************************

जींद जिला लिंगानुपात के मामले में प्रदेशभर में सातवें पायदान से तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। जींद में नवंबर माह के आंकड़ों के अनुसार 1000 लड़कों के मुकाबले लड़कियों की गिनती 999 हो गई है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों के चलते यह सफलता मिली है। उन्होने बताया कि स्वास्थ्य विभाग लगातार पीएनडीटी एक्ट की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जाती है। लिंगानुपात में सुधार के लिए काम करने वाली पंचायतों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित भी किया जाता है।

***************************************************************************

नए साल में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में शीत लहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने का अनुमान लगाया है। । मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में दिन के समय ठंड बढने की संभावना है। घना कोहरा भी रह सकता है।नारनौल विश्वविद्यालय से मौसम वैज्ञानिक डॉ चंद्र मोहन का कहना है कि 4 और 5 जनवरी को हरियाणा के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है।

***************************************************************************

किसानों के मामलों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने 3 जनवरी को एक बार फिर से किसानों को बैठक के लिए न्योता दिया है। पंचकूला में होने वाली बैठक में सभी किसान दलों को बुलाया गया है। बैठक में किसानों से विस्तृत चर्चा की जाएगी।

***************************************************************************

आज आक सुबह कैथल जिले के गांव बाता और कैलरम के पास एक गाड़ी सडक़ पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में 16 लोग घायल हो गए और 49 वर्षीय गुरमुख की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को कैथल के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।